प्रेस नोट थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर दिनांक 22.11.2024

लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट के रूपये, शॉल व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना गोरखनाथ के नेतृत्व में उ0नि0 संदीप कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 641/2024 धारा 309(6) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्तगण 1. सद्दाम हुसैन 2. नसीम अंसारी को लूट के 510 रूपये व शॉल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 22.11.2024 को वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 19.11.2024 को रात्रि 23:00 बजे वादी मुकदमा रेलवे स्टेशन से ऑटो में बैठकर अपने घर जा रहा थे कि अभियुक्तगण (ऑटो चालक व उसके साथी) द्वारा वादी मुकदमे द्वारा बताये गये रास्ते पर न ले जाकर नरायन फैक्ट्री के तरफ ले जाकर वादी मुकदमा को मार पीट कर उनके पास से 1300 रुपये, शॉल, मोबाइल फोन व कुछ कागजात लूट लिया गया। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. सद्दाम हुसैन पुत्र एजाज अहमद निवासी धोबी गली रसूलपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
2. नसीम अंसारी पुत्र शमशाद अंसारी निवासी चक्सा हुसैन पचपेड़वा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 641/2024 धारा 309(6), 317(2) भा0न्या0सं0 थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

लूट के 510 रूपये, वादी मुकदमा का शॉल व घटना में प्रयुक्त ऑटो

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 संदीप कुमार थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 दुर्गेश कुमार सिंह थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 सौरभ सिंह थाना गोरखनाथ गोरखपुर
4. का0 संजीव कुमार थाना गोरखनाथ गोरखपुर